## खबर संक्षेप

### नगर कांग्रेस कमेटी का दीपावली मिलन समारोह 27 को

**छिंदवाड़ा।** नगर कांग्रेस कमेटी बिछुआ के द्वारा आगामी 27 अक्टूबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया की 27 अक्टूबर को शाम 6 बजे से नगर के मंगलम लॉन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे के मुख्य आतिथ्य में तथा चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित होंगा। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### सांसद ने प्रदेश महामंत्री लता को दी शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गत दिनों प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की थी। जिसमें सागर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया हैं। उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त सांसद बंटी विवेक साहू ने शुक्रवार की शाम को उनसे मुलाकात करते हुए उन्हें भाजपा प्रदेश महामंत्री बनने और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। इस दौरान सांसद श्री साहू ने प्रदेश महामंत्री श्रीमती लता वानखेड़ें से छिन्दवाड़ा से सागर नई रेल लाईन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। वहीं इस नई रेल लाईन को लेकर मिलकर प्रयास करने के संबंध में बात हुई।

### आज स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू आज 25 अक्टूबर को स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 12 बजे शासकीय हाईस्कूल लहगडुआ में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए मरीजों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 2 बजे परासिया बॉयपास रोड में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला खेड़ूढाना में स्कूल में बनने वाले अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का भुमिपूजन करेंगे। शाम 6:30 बजे ग्राम कुण्डाली कलां में अहिरी नृत्य प्रतियोगिता के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 7:30 बजे पातालेश्वर वार्ड नं. 19 और 20 में स्थित खेड़ापति माता मंदिर के पास में आयोजित विशाल मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## 24 घंटे के अंदर किया खुलासा, पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

# पत्नी ने बेटे के साथ मिलकर की पति की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सिंगोड़ी पुलिस ने बीते दिनों हुए हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने पति को मौत के घाट उतारा था। गुरूवार को प्रार्थी शिवराम पिता मनीराम उइके उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम राहीवाड़ा चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवा ड़ा ने रिपोर्ट किया कि मेरे पिता (मृतक) मनीराम उइके मेरी माँ और छोटे भाई शिवप्रसाद उइके के साथ रहते थे जिनकी दिनांक 22/10/25 की रात्रि मे मृत्यु हो गई है पिता के शरीर पर कान मे, गले मे एवं नाक मे चोट के निशान दिखाई दे रहे है मृतक की मृत्यु संदेहास्पद होने से मृतक का पी एम कराया गया , मर्ग जाँच में आये साक्ष्य एंव डाँ द्वारा शॉर्ट पी एम रिपोर्ट



में गला घोंटने से मृत्यु होना लेख किया गया है मर्ग जाँच पर से अप.क्र. 799/25 धारा 103(1) ,3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । **विवेचना कार्यवाही** :- पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा श्री अजय पाण्डेय के निर्देशन तथा अनु.अधि. (पु.) अमरवाडा श्रीमती कल्याणी बरकडे के नेतृत्व में थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र धुर्वे द्वारा मामला गंभीर प्रकृति का होने से तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी/पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित की गई, मृतक के परिजनो से मृतक की पत्नि फूलवती उइके उम्र 55 वर्ष एवं पुत्र शिवप्रसाद उइके उम्र 25 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तब उन्होने बताया कि मृतक अपनी पत्नि के चरित्र पर संदेह करता था और आए दिन झगड़ा विवाद करता था जिससे वह परेशान हो गए थे दिनांक 22.10.2025 की रात करीब 09/00 बजे मृतक की पत्नि जब खेत से वापस आई तब भी मृतक ने अपनी पत्नि एवं पुत्र से झगड़ा मारपीट करना शुरू कर दिया । तब मृतक की पत्नि और पुत्र ने गमछे से मृतक का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दिए । आरोपीगण से घटना के दौरान प्रयुक्त गमछा एवं अन्य भौतिक साक्ष्य विधिवत जप्त किये गये । आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है ।

**मृतक** :- मनीराम उर्फ मनी पिता पंचू उइके उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम राहीवाड़ा चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा

**जप्त सामग्री** :- गमछा एवं अन्य भौतिक साक्ष्य ।

**गिरफ्तार आरोपीगण** :- (1) फूलवती पति मनिराम उइके उम्र 55 वर्ष, (2) शिवप्रसाद पिता मनीराम उइके उम्र 25 वर्ष दोनो निवासी ग्राम राहीवाड़ा चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा

**पुलिस टीम** : थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र धुर्वे, चौकी प्रभारी पंकज राय, सउनि राजकुमार सनोडिया, म.आर. 532 दिव्या बिसेन, आर. 653 गुरमुख बघेल, आर. 988 सूरज सिंह, आर. ओमकार, आर. 573 पीयुष,आर. 1110 उमाशंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## रोजाना हो रहे भजन कीर्तन एवं अनुष्ठान

# श्री श्री मां काली पूजा समिति द्वारा की जा रही महाकाली की उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री श्री काली पूजा उत्सव समिति बेरियर दमुआ में मां काली जी की स्थापना भक्ति भाव के साथ की गई इस अवसर पर मां आदि शक्ति जगत जननी माता महाकाली जी का विधि विधान के साथ पूजन अनुष्ठान , जस भजन, कीर्तन किया जा रहा है। प्रतिदिन मां काली जी की आरती अनवरत जारी है। पण्डालो के आसपास विद्युत झालरों , लाईटिंग की आकर्षक सजावट की गई है। प्रतिदिन भक्तगण माता के दर्शन पूजन के लिए दर्शनार्थियों का समूह बारी बारी से माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है। आज दिनांक 25 अक्टूम्बर को रात्रि 8 बजे से दमुआ बेरियर स्थित महाकाली प्रागंण में मां कात्यानी देवी जागरण की भव्य प्रस्तुती रहेगी देवी जागरण के ग्रुप संचालक भाई निखिल खातकर, आक्टोपेड वादक ( पूनम खातरकर भजन गायिका सारनी, पूनम त्रिपाठी भजन गायिक सतना, अमन मालवीय भजन गायक भोपाल, एवं सागर उइके ) द्वारा आकर्षक झाकी की शानदार प्रस्तुती रहेगी। समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तो से आग्रह किया है। ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद उठाये एवं मां काली जी का आर्शिवाद प्राप्त करें।



# 38 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 509 मरीजों का उपचार

## प्रदेश में सबसे अधिक 82 स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना में बन रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

100 दिवसीय सेवा संकल्प एवं स्वास्थ्य की श्रृंखला में बिछुआ मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पाथरी में 38 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 509 मरीजों ने उपचार के लिए अपना पंजीयन कराया, जिसमें 381 महिलाओं व बालिकाएं और 128 पुरूषों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। मरीजों की जांच के दौरान मिले 07 गंभीर मरीजों को उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि जबसे नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने है तबसे अंतिम छोर में बसे आदिवासियों और ग्रामीणों को भी हर योजना का लाभ मिल रहा है। मेरी प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य है। प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुसार आजादी के 100 वर्ष पुर्ण होने के पहले भारत पुरी तरह से सिकलसेल मुक्त हो जाएगा। जिसके लिए जिले सहित प्रदेश और देश में अभियान चल रहा है। सांसद श्री साहू ने कहा प्रधानमंत्री की पहल पर हर बहन के स्वास्थ्य की जांच हो रही है।



सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य के अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय के दूरस्थ अंचल स्थित ग्राम पाथरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

### बाइक भिड़ंत, एक युवक की दर्दनाक मौत, दो घायल

**सौंसर।** घोटी ग्राम में बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब दो मोटरसाइकिलें तेज रफ्तार में आमने-सामने से टकरा गईं। जानकारी के अनुसार, मृतक सुनील बल्कि नामक युवक घोटी ग्राम का निवासी था, जबकि दो अन्य लोधीखेड़ा क्षेत्र के रहने वाले थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को सौसर के सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हे नागपुर रेफर कर दिया गया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही लोधीखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के कारण क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। बताया गया कि एक मोटर साइकल पर तीन लोग सवार थे।

# समर्थन मूल्य 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल से मक्का खरीदे सरकार:किसान कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा किसानों की आर्थिक स्थिति व खेती किसानी में बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए मक्का उपज को निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी किए जाने की मांग लगातार कर रहे हैं। कांग्रेस सेवादल ने भी यह मांग की है कि जिले व प्रदेश के किसानों की मक्का उपज 2400 रुपए प्रति क्विंटल के मूल्य से खरीदी जाए। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले सहित प्रदेश के अनेकों जिले में मक्का का उत्पादन बडे. पैमाने पर किया जाता है।

केन्द्र सरकार द्वारा मक्का फसल का समर्थन मूल्य खरीफ फसल सत्र 2025-26 के लिये 24 सौ रुपए प्रति क्विटल घोषित किया गया है। लेकिन किसानों की मक्का कृषि उपज मंडियों में औने-पौने दाम 1350 रुपए से लेकर 1800 रुपए प्रति क्विंटल में बिक रहा है। मक्का उपज किसानों को 1000 रूपये से लेकर 600 रूपये प्रति क्विंटल तक नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि मक्का फसल में किसानों को लागत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही और किसानों को मंहगा बीज खाद और निंदाई गुड़ाई में अधिक लागत लग रही।

भाव कम प्राप्त हो रहे, ऐसे में किसानों की मक्का फसल में लागत भी नहीं निकल पा रही है। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य तो घोषित कर दिया किन्तु उस मूल्य पर खरीदी नहीं की जा रही।

## शोकाकुल परिवार से मिले सांसद बंटी विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा।** बिछुआ के ग्राम गुमतरा में गत दिनों श्यामा धराडे के पुत्र वेदप्रकाश धराडे का निधन हो गया था। जिसकी जानकारी मिलते ही सांसद बंटी विवेक साहू शुक्रवार को उनके निवास स्थान पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे स्वर्गीय वेदप्रकाश धराडे को अपने श्री चरणों में स्थान देकर उन्हें मोक्ष प्रदान करे साथ ही इस दुःख की घड़ी को सहन करने की परिवारजनों को शक्ति दे। इस अवसर पर पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता लखन कुमार वर्मा, जलिा भाजपा उपाध्यक्ष नीरज बंटी पटेल, जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे, मंडल अध्यक्ष शैलेष चोपड़े, जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी, जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, बिछुआ नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे, खमारपानी मंडल अध्यक्ष गोपाल कवरेती, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराम चौरसिया, रामसिंह पटेल, जनपद सदस्य बलबीर डेहरिया आदि उपस्थित थे।

## मेधावी पुरस्कार योजना में 3 छात्राओं ने पाया पुरस्कार

**छिन्दवाड़ा।** जिले की अनुसूचित जनजाति वर्ग की 3 छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में वोंच्च अंक अर्जित कर मध्यप्रदेश में प्रथम, पंचम एवं छटवा स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जिसके फलस्वरूप उनका चयन ‡मेघावी पुरस्कार योजना‡ शंकरशाह रानी दुर्गावती पुरस्कार योजना में हुआ है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 'मेधावी पुरस्कार योजना' के अंतर्गत सम्मानित करते हुए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। शासकीय आदर्श बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाडा की छात्रा कु.यशिका धुर्वे ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 500 अंकों में से 484 अंक अर्जित कर अनुसूचित जनजाति वर्ग में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसके फलस्वरूप उनको मध्यप्रदेश शासन द्वारा शंकरशाह/रानी दुर्गावती पुरस्कार योजना के अंतर्गत 51000/- (ईक्कावन हजार रूपये) की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई है। कु.यशिका धुर्वे के पिताजी ड्रायवर है एवं माताजी गृहणी है। इसी क्रम में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देलाखारी की छात्रा कु.खुशी तिलगाम ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 500 में से 469 अंक अर्जित कर अनुसूचित जनजाति वर्ग में मध्यप्रदेश में पंचम स्थान प्राप्त किया है, जिसके फलस्वरूप उनको मध्यप्रदेश शासन द्वारा शंकरशाह/रानी दुर्गावती पुरस्कार योजना के अंतर्गत 15000/- (पन्द्रह हजार रूपये) की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदाय की गई है। छात्रा के पिताजी कृषक है एवं माता गृहणी है तथा शासकीय आदर्श बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाडा की छात्रा कु.मुस्कान पन्द्राम ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 500 अंकों में से 468 अंक अर्जित कर अनुसूचित जनजाति वर्ग में मध्यप्रदेश में छटवा स्थान प्राप्त किया है।







### चौरई के खाद वितरण केंद्रों का किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने शुक्रवार को परासिया रोड स्थित मार्कफेड के डबल लॉक यूरिया विक्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उनके साथ सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, एसडीएम परासिया श्री शुभम यादव, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूरिया के भंडारण, वितरण व्यवस्था, किसानों की उपस्थिति तथा केंद्र की कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यूरिया वितरण की व्यवस्था पूर्णतः पारदर्शी होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन उपलब्ध खाद की मात्रा के अनुसार ही टोकन जारी किए जाएं, ताकि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने यह भी कहा कि जब टोकन क्रमांक के आधार पर वितरण किया जा रहा है।

# इस बार खाद वितरण में किसानों को ना हो कोई परेशानी: कलेक्टर

## कलेक्टर श्री नारायन ने सुचारू खाद वितरण के लिए बनाई नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में खाद वितरण का सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित करने और विगत समय में सामने आई समस्याओं के निराकरण के लिए समुचित व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा आज खाद वितरण को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों और समिति प्रबंधकों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था। कलेक्टर श्री नारायन ने बैठक में सर्वप्रथम पीओएस मशीन से खाद वितरण में आ रही तकनीकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की और उनके निराकरण के लिए सुझाव भी समिति प्रबंधकों से लिए। उन समस्याओं के निराकरण पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

सभी पात्र किसानों को समुचित मात्रा में खाद का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री नारायन द्वारा नई व्यवस्था बनाई गई है। जिसके तहत किसान को खसरा अथवा ऋण पुस्तिका की प्रतिलिपि को पटवारी द्वारा सत्यापित करवाने के उपरांत ही कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा एवं पात्रता के अनुरूप खाद का वितरण किया जाएगा। वितरित खाद की प्रविष्टि भी उस प्रतिलिपि और सहकारी समिति अथवा विक्रय केंद्र की पंजी में की जाएगी। रासायनिक खाद के मृदा में अनुचित इस्तेमाल को रोकने और सभी किसानों को खाद का उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा इस नई व्यवस्था से सभी को अवगत कराया गया और उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस संबंध में कलेक्टर श्री नारायन ने सभी पटवारी और समिति प्रबंधकों की ट्रेनिंग आयोजित करने के निर्देश अपर कलेक्टर और सभी एसडीएम को भी दिए हैं, जिससे किसी तरह का कोई कंफ्यूजन ना रहे।



### पीओएस से ही हो खाद का वितरण

कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि ऑनलाइन स्टॉक का एक्नॉलेजमेंट टाइमली सुनिश्चित करें। उन्होंने तीन समिति प्रबंधकों के द्वारा डेढ़ माह के बाद भी एक्नॉलेजमेंट जारी न करने पर कड़ी नाराजगी जताई और आगे इस तरह की लापरवाही ना दोहराने की सख्त हिदायत दी । उन्होंने खाद का वितरण केवल पीओएस मशीन के माध्यम से ही करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। पीओएस मशीन के माध्यम से खाद वितरण न होने के संबंध में समिति प्रबंधकों से समस्याएं जानने के दौरान सामने आया कि ट्रांसपोर्टर द्वारा समय पर ट्रक संख्या एंट्री न करने पर आर.ओ.डी.डी जारी नहीं हो पाता। जिससे आगे की प्रक्रियाएं जैसे मार्कफेड द्वारा वेयर हाउस रिसिप्ट जनरेट करना, कंपनी द्वारा नंबर जनरेशन करना आदि नहीं होने से, समिति में ऑनलाइन स्टॉक नहीं दिखता है। जिससे खाद भौतिक रूप से प्राप्त होने के बाद भी पी.ओ.एस मशीन में स्टॉक नहीं दिखने से, ऑनलाइन वितरण करने में परेशानी आती है।

# छठ पूजा से पूर्व नदी की हो सफाई : राय

## श्रद्धालुओं को अन्य नदी के घाटों और स्थलों पर करनी पड़ी थी पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

आगामी 26 अक्टूबर को छठ पूजा है । यह पूजा कोयलांचल में बड़े ही श्रद्धाभाव से की जाती है । महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और नदी के घाटों पर जाकर पानी में खड़े रहकर सूर्य को अर्ध्ये देती हैं । पूजा में कोई विघ्न न हो इसके लिए नदी और घाटों का साफ होना अत्यावश्यक है । जिसके लिए भाजपा नेता और पार्षद जयंत राय ने नगर परिषद न्यूटन से सफाई की मांग रखी है । उन्होंने सी एम ओ से लिखित आवेदन देकर नदी की सफाई की मांग रखी है । श्री राय का कहना है , कि विगत दिनों नवरात्र पर्व गुजरा है । जिसके समापन के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के बाद नदी के घाटों पर गंदगी इकठ्ठा हो गई है । जिसकी सफाई होना अनिवार्य है , ताकि छठ पूजा में कोई व्यवधान न आए ।

### पिछली बार आई थी समस्या

गौरतलब है , कि पिछली बार पेंच नदी न्यूटन में बांध के गेट बंद होने से नदी के घाट पर पानी भरा हुआ था । जिसको लेकर कांग्रेस के द्वारा गेट खोलने की मांग एस डी एम से की गई थी , लेकिन परासिया नगर पालिका प्रशासन ने गर्मियों में पानी की कमी का हवाला देते हुए गेट खोलने से मना कर दिया था । कांग्रेस ने चक्का जाम भी किया था , वहीं एस डी एम ने भी हाथ खड़े कर दिए थे । जिसके चलते छठ पूजा के लिए श्रद्धालुओं कोई अन्य नदी के घाटों और स्थलों पर पूजा करनी पड़ी थी ।

## अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आज वृत्त चाँदामेटा अंतर्गत आबाकारी दल द्वारा मकानों, दुकान, होटल- ढाबों पर छापामार कार्यवाहीं की गई। इस दबिश कार्यवाही में 05 अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही कर राजेश्वरी विश्वकर्मा पति मयूर विश्वकर्मा, सरस्वती उइके पति राधेश्याम के मकानों की तलाशी लेने पर कुल 34 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई तथा सम्राट ढाबा में दीपक बैन पिता घनश्याम, अजय वर्मा पिता स्वर्गीय हरिप्रसाद, बैजनाथ रंगने पिता स्वर्गीय हुलकर के मकानों की तलाशी लेने पर 30 पाव देशी-विदेशी मदिरा बरामद कर 05 आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी सहित कार्यपालिक दल का विशेष योगदान रहा।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए दिशा निर्देश

# मुख्य मार्गों पर सड़क तक सामान फैलाने की प्रवृत्ति पर लगे रोक: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री आकाश खरे, नगर निगम कमिश्नर श्री सी.पी. राय, ट्रैफिक पुलिस, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, एनएचएआई, खाद्य आपूर्ति विभाग, आरटीओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले की सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में चिन्हित किए गए 8 ब्लैक स्पॉट्स पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई।



एनएचएआई के साइट इंजीनियर द्वारा बताया गया कि इन स्थलों पर शॉर्ट टर्म रिस्टोरेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने इस कार्य को असंतोषजनक बताया। इस पर कलेक्टर श्री नारायन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए 15 नवम्बर तक सभी कार्यों को निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के अनुपस्थित रहने पर भी नाराजगी जताई।

कलेक्टर श्री नारायन ने 'राहगीर योजना' एवं 'नगदी रहित उपचार योजना' के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी अस्पतालों में राहगीर योजना के फ्लैक्स लगाए जाएं ।

बैठक में यातायात नियंत्रण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम को जेल तिराहा, सत्कार तिराहा और यातायात चौक पर पुराने ट्रैफिक सिग्नल हटाकर शीघ्र नए सिग्नल लगाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री नारायन ने बिना हेलमेट एवं ट्रिपल सवारी वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा सड़कों तक सामान फैलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए लगातार निरीक्षण और कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस विषय पर रोजाना मॉनिटरिंग की जाए। इसके साथ ही उन्होंने ढाबों एवं अहातों में अवैध शराब बिक्री पर सतत कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए ।

## ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है मढ़ई मेले का आयोजन, घोटी में देर रात तक चला सांस्कृतिक कार्यक्रम

# आज रामपेठ में होगा खड़ा तमाशे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर



दीपावली के अवसर पर सौसर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों ने मढ़ई मेल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।आयोजन के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ा तमाशा के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेले का भी आयोजन होता है।गुरुवार को ग्राम पंचायत घोटी में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मंडई मेले का आयोजन किया गया।

इस दौरान महाराष्ट्र के ऋत्यांगनाओ के द्वारा हिंदी मराठी पंजाबी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरी है।दिपावली की पावन पर्व पर हर ग्राम पंचायत रामपेठ में शुक्रवार को मढ़ई मेले का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।इस दौरान नागपुर की डांस पार्टी के द्वारा हिंदी मराठी पंजाबी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतिये पर ग्रामीणों ने जमकर ठुमके लगाए,आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम पंचायत रामपेठ में मंडई मेला एवं खड़ा तमाशा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए शनिवार को सुबह 10 बजे भव्य जंगी दुय्यम खडा तमाशा का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें शाहिर निलेश भाऊ गायकवाड,शाहिरा सोनूताई गायधने,सह. शाहिर विलास वानखेडेनकलकार उमेश दिवसे, भाऊराव गायकवाड ज्ञानेश्वर डोंगरे,दिलीप भाऊ,निमी, सोनु के द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

आयोजन समिति के अध्यक्ष एवम रामपेट सरपंच गोमाजी उईके, उपाध्यक्ष अनिल बरडे,सचिव राजू गोमकाले,महासचिव सुनील ठाकरे, कोषाध्यक्ष राजू घोड़मारे से मिली जानकारी के अनुसार रामपेठ में हो रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथी विधायक विजय चौरे, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदिप मोहोड़,जप सदस्य भारती गणेश चौरे, आदि रहेंगे गांधी चौक, रामपेठ, संपन्न हो रहे खड़ा तमाशा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों

### काली उत्सव के दौरान होगी कबड्डी प्रतियोगिता

**बरारिया / परासिया** :- ग्राम पंचायत बरारिया में काली पूजा उत्सव के दौरान विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 से होगा । जिसका समापन 27 अक्टूबर को परासिया विधायक सोहनलाल बाल्मिक , कमल राय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष , आशा अशोक आम्रवंशी जनपद पंचायत अध्यक्ष , मुकुंद शाह नर्रे उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया , शिवम उर्फ राजा राय क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं बसंत मालवीय ब्लॉक समन्वयक की विशेष उपस्थिति में होगा । ज्ञात हो , कि 30 वर्ष से लगातार निरन्तर काली माँ की स्थापना हो रही है । सर्व प्रथम वर्ष 1995 - 96 में शिक्षक स्व नारायण सिंग धुर्वे ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी । बाद में गाँव के स्व श्री रामप्रसाद डेहरिया द्वारा माँ काली का मंदिर का निर्माण वर्ष 2002 में किया गया है । इससे पूर्व भी यहां कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होता रहा है । यहां कबड्डी प्रतियोगिता विगत 40 वर्षों से निरन्तर हो रही है । प्रतिवर्ष - लगभग 40 टीमों से अधिक टीमें हिस्सा लेती हैं । समिति के अध्यक्ष - हरदेवसिंग धुर्वे , सचिव ओमनारायण मरकाम , मार्ग दर्शक लखन शाह नर्रे , हरिकुमार धुर्वे जयपाल शाह , रवि उईके , नन्दकिशोर कुमरे , कमलेश उइके , रामकुमार मरकाम , अंचल इवनाती , दीप कुमार सुदेश ओडिया ने लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है ।



## जिले भर के शटलर को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

जिला बैडमिंटन संघ द्वारा ओपन जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर जुनियर प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ ओलिंपिक स्टेडियम में किया गया, जिसमें 11,13,15,17,19 आयु वर्ग जूनियर व सीनियर महिला पुरुष खिलाड़यों ने भाग लिया, जिससे सभी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। स्पर्धा आयोजन के प्रमुख इंद्रजीत सिंह बैंस और जावेद खान ने बताया कि चार दिवसीय स्पर्धा से खिलाड़ियों का चयन कर आगामी संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जावेगा प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से जिला खेल अधिकारी के के चौरसिया, मुकेश सोनी, दीपक राज जैन, हरीश खंडेलवाल, विनीता नेटी, विजय पवार, हीरालाल त्रिपाठी, राकेश चौरसिया उपस्थित रहे । निर्णायक के रूप में जावेद खान, राकेश चौरसिया, संजय सिसोदिया, विनय सिंह चंदेल, तरुण विश्वकर्मा, अश्वंत मार्को, महिमा यादव, निकुंज डेहरिया, पार्थ चौकसे उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर हाल ही में विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अश्वंत मार्को, वैभव वाडिवा, ईशान सूर्यवंशी, समीक्षा कडू, आयुषी जैन, जाह्नवी विश्वकर्मा, रूबल हृदय्यां, भाविक धुर्वे सहित अन्य खिलाड़यों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## माता भगवती आराधना से होता है उद्धार - आचार्य विशाल कृष्ण महाराज



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 10-11 मैं विराजित मां काली एवं 64 योगिनी माता प्रांगण में जारी श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान वृंदावन धाम से पधारे आचार्य विशाल कृष्ण महाराज द्वारा माता भगवती आराधना से जीवन का उद्धार होने की कथा का वर्णन किया गया। भगवती कथा के दौरान उनके द्वारा बताया गया कि माता भगवती की आराधना से जीवन में मनचाहा फल पाया जा सकता है माता की कृपा पाने के लिए उनकी भक्ति और स्तुति ही श्रेष्ठ साधन है कलयुग में माता की भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का उत्तम साधन है। भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 तक किया जा रहा है भागवत कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने के लिए माता महाकाली प्रांगण पहुंच रहे हैं। युवा शक्ति मां काली पूजा उत्सव समिति के सदस्यों ने नगर के समस्त धर्म प्रेमियों से माता भगवती देवी की कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### मध्य प्रदेश टीम में 16 थांगता मार्शल आर्ट खिलाड़ियों का चयन, आदिवासी विधानसभा के लिए बड़ी उपलब्धि

**जुन्नारदेव।** आदिवासी विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव की प्रतिभाएं लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा जिला ही नहीं प्रदेश स्तर पर भी मानव रही है इसी कड़ी में 31वीं राष्ट्रीय स्तरीय थांगता मार्शल आर्ट प्रतियोगिता जिसका आयोजन 27 से 30 अक्टूबर तक मनोहर पर्रिकर इंडोर स्टेडियम गोवा, मडगांव में किया जाना है। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर एवं सीनियर वर्ग में जुन्नारदेव नगर के 16 बालक, बालिका खिलाड़ी अपने थांगता मार्शल खेल का शानदार प्रदर्शन करते नजर आएंगे।



अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताएं कि भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना स्थान 31 वीं राष्ट्रीय स्तरीय थांगता प्रतियोगिता गोवा मढ़गांव के लिए पक्का किया है। यह सभी खिलाड़ी 24 अक्टूबर को जुन्नारदेव से इटारसी एवं वहां से मध्य प्रदेश दल में सम्मिलित होकर गोवा मडगांव के लिए रवाना होंगे। यह सभी खिलाड़ी नगर के ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल के छात्र है। इनमें सब-जूनियर एवं सीनियर वर्ग में चयनित खिलाड़ी नक्ष जैसवाल, अथर्व मानकदीवे, आयुष धुर्वे, श्रीसमर्थ रुखमांगद, श्रेयश गुप्ता, डिंकल बरहैया, अनाबिया खान, काव्य कुरोलिया, निहार साहू, अर्पित विश्वकर्मा, आरव जैसवाल, वेदिश भूमरकर, विभोर मालवी, मो.आवान खान, यथार्थ मानकदिवे, आशना धुर्वे इन सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रयास का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय की प्राचार्या अभिशिखा ठाकरे एवं स्पोर्ट्स कोच योगेश रुखमांगत को दिया है। भारत के इस थांगता मार्शल आर्ट खेल में लगातार शानदार ऐतिहासिक परिणाम खिलाड़ियों द्वारा देने पर विद्यालय प्रबंधक निखिलेश उपाध्याय, कीर्ति उपाध्याय, अंकित द्विवेदी, रोली द्विवेदी ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु आशीर्वाद सहित शुभकामनाएं प्रेषित की है।



विद्युत विभाग दमुआ द्वारा विराजित की गई मां काली जी की अद्भुत प्रतिमा

### आगामी 15 से 25 नवंबर तक आयोजित होगा स्वदेशी मेला



**बालाघाट।** आगामी 15 से 25 नवम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के खेल मैदान में सवदेशी मेला का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री मृणाल मीना कि अध्यक्षता में 24 अक्टूबर को कलेक्टर सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वदेशी मेले के दौरान सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से आयोजित करने तथा मेले की सफलता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं

### अपने कार्यो का दायित्व निर्वाह करते हुए स्वयं आनंद की अनुभूति महसूस करे

## विकासखंड खैरलांजी में अल्पविराम कार्यशाला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज खैरलाँजी।



राज्य आनंद संस्थान, भोपाल (आनंद विभाग) मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड खैरलांजी में 23 अक्टूबर को एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत खैरलांजी मीटिंग हॉल में किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता मानसिंह बहेटवार, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन एवं आनंद विभाग से मास्टर ट्रेनर श्री हरिओम दुबे एवं मनोज कुमार नागवंशी एवं ब्लॉक समन्वयक सुश्री श्वेता मिश्रा द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर शुभारम्भ सत्र में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता मानसिंह बहेटवार द्वारा अपने शासकीय कार्यों के साथ ही हम स्वयं कैसे आनंदित रहे साथ ही योग ध्यान आदि विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात विकासखंड समन्वयक सुश्री श्वेता मिश्रा द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम के उद्धेश्य से अवगत कराया गया, सभी प्रतिभागियों को जीवन में आनंद कैसे प्राप्त हो, इस विषय पर विचार प्रकट किया गया। मास्टर ट्रेनर हरिओम दुबे के माध्यम से बताया कि क्या मैं जैसा बाहर से दिखाई देता हूँ वैसा भीतर से हूँ तथा लोगों से भी वैसी अपेक्षा रखता हूँ, अब मैं अपने जीवन में आनंद की अनुभुति प्राप्त कर रहा हूँ। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने भी उत्सुकता से सहभागिता दी। इस दौरान बताया गया की अपने कार्यो का दायित्व निर्वाह करते समय आनंदित होकर खुशी महसूस करे साथ ही आप के काम के प्रति अन्य दुसरे लोग भी संतुष्ट होकर प्रशंस हो। इस अवसर पर कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के प्रशासनिक पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे ।

### मंडई के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक पटेल

## एक छोटे से कार्यकर्ता को आप लोगों ने विधायक बनाकर दिया आशीर्वाद : पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



कई वर्षों से यह मेला होते आ रहा है, मै विधायक बनने के पहले से यहां आ रहा हूँ। मंडई हमें एक दूसरे से मिलाती है, गाँव की पहचान मंडई मेले से होती है। मेला खुशी मनाने का पर्व होता है, सुख दुःख तो हमारे जीवन में आते रहते है। इस वर्ष बारिश भी अच्छी हुई है और किसानों की फसल भी अच्छी हुई है। मगर भाजपा सरकार द्वारा 3100 रुपये का वादा अभी तक पूरा नहीं किया गया है। हमारा कृषि प्रधान क्षेत्र है, हम फसल लगाते है और अपना जीवन यापन करते है।

इस आशय के उद्गार वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम मुरझड़, सेलवटपार, पिपरिया, बरबसपुर, मोहाड़ी आदि में मंडई के दौरान ग्रामीणों के समक्ष व्यक्त किए। कार्यक्रम में पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा विधायक विवेक पटेल व अन्य अतिथियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया जिसके बाद विधायक पटेल ने फीता काटकर सांस्कृतिक लोक नृत्य कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान खैरलाँजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, खैरलॉजी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, सुभाष क्षीरसागर, राजकुमार चौधरी, आरिफ भाई सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

**मेरे क्षेत्र का हर व्यक्ति मुझसे कभी भी किसी भी समय मिल सकता है-विवेक पटेल**

इस मौके पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि कमलनाथ जी ने छोटे से कार्यकर्ता को टिकट दिया था और क्षेत्र की जनता ने एक छोटे से कार्यकर्ता को अपना विधायक बनाया है। मेरे क्षेत्र की जनता कभी भी मुझसे अपने काम के लिए मिल सकती है। मुझे कही भी रोक कर बात कर सकती है। मुझे वारासिवनी नगरपालिका का अध्यक्ष भी शहरवासियो ने यह सोचकर बनाया था कि कही भी हर समय किसी से भी विक्की पटेल मिल जाता है। मैने नपा अध्यक्ष रहते हुए शहर में स्ट्रीट लाइट, मोक्षधाम, इंडोर स्टेडियम, गांधी बाल उद्यान का सौंदर्यीकरण, लगभग चार हजार मकान, हर वॉर्ड में पक्की सडक़ बनवाई हैं। उन्होंने कहा कि नपाध्यक्ष रहने के दौरान किए गए बेहतरीन कार्यों की वजह से ही मुझे भाजपा की शिवराज सरकार ने भोपाल में सम्मानित किया था। उसी काम को देखते हुए इस इस बार क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है। मैं पूरे पांच वर्षो तक आपकी सेवा करता रहूँगा।

## चिखली मड़ाई में युवक की बेरहमी से पिटाई, तीन पर मामला दर्ज

### मेले में घूमने गए युवक पर तीन युवकों ने किया जानलेवा हमला



**हरिभूमि न्यूज लांजी। बहेला थानांतर्गत ग्राम चिखली में एक युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित मोहित पिता देवदास मस्करे ने महाराष्ट्र के नवेगांव सालेकसा निवासी तीन युवकों पर गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करने की शिकायत बहेला थाने में दर्ज कराई है।**

पीड़ित मोहित मस्करे ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 23 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 7:30 बजे वह अपने दोस्तों के साथ ग्राम पंचायत भवन के पास मड़ई मेला में घूम रहा था, तभी तीन युवक संदीप दमाहे, प्रदीप दमाहे और टोनेश बिसेन ने बिना कुछ कहे उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उसे गाली भी दी और जान से मारने की धमकी दी। जब उसके दोस्तों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उन्हें भी धमकाया।

पीड़ित के पिता और भाई जब मौके पर पहुंचे तो हमलावर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि उसे सिर, गर्दन और पीठ में चोटें आई हैं। पीड़ित की रिपोर्ट पर बहेला पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) और 35 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी युवकों की गिरफ्तारी के लिये प्रयास कर रही है।

### क्षेत्र की सबसे बड़ी मंडाई सोनपुरी का आनंद लेने दूर शहरों से पहुंचे लोग

## मंडाई भारतीय संस्कृति और सभ्यता का परिचायक हैं

हरिभूमि न्यूज उकवा।

**आकर्षक झूले साजो समान एवं अनेक देशी वस्तुओं से सजी उकवा क्षेत्र की सबसे बड़ी मंडाई जिसका इंतजार हजारों लोगों को पूरे साल भर रहता है,जिसका आनन्द लेने बड़े बड़े शहरों में निवासरत स्थानीय जन अपने परिवार के साथ एक दिन गांव पहुंच अपनी जन्मभूमि अपनी माटी को आदर प्रदान कर पूरी मस्ती और उमंग के साथ इस मंडाई का आनंद लेते है, सोनपुरी ग्राम में आयोजित होने वाला यह अति महत्वपूर्ण और सांस्कृतिक उत्सव है।**



यह पूर्वजों से चलती आ रही मंडई मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोग अनेक प्रकार की देशी वस्तुओं का क्रय विक्रय करते है , और अपनी संस्कृति का आनंद लेते हैं। यह मेला स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए मनोरंजन और खरीदारी का प्रमुख केंद्र होता है।

यह संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। विदेशी पर्यटक भी इस मेले का आनंद लेने आते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम में गोवारी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें अनेक टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें इस वर्ष ग्राम लोटमारा परसवाड़ा से आई टीम ने बहुत ही आकर्षक वेशभूषा में नृत्य कर सबका मन मोह लिया जिसे समिति द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान कर 5000 रु एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई, द्वितीय पुरस्कार 3500रु एवं आकर्षक ट्रॉफी भोरवाही परसवाड़ा को प्रदान दी गई तृतीय पुरस्कार 1500 चमचमाती ट्रॉफी विगत वर्ष की विजेता ग्राम समनापुर को प्रदान किया गया ,एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक ओमकार राहंगडाले,ग्राम सरपंच सुनील उइके, अनुराग गुलाब मड़ावी, मनोज चौधरी,भूमेश मात्रे, सत्यनारायण राहंगडाले, राजेन्द्र दास,सतीश उमरे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

ग्राम में आयोजित इस भव्य और आकर्षक गावरा नृत्य प्रतियोगिता में प्रमुख अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्व धर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक्ष जेम्स बारिक , बसंत कुमरे सर जी सचिव नितिन कुमार, सूरज लाल कटरे, अर्जुन उइके (सरपंच प्रतिनिधि) शिवनंद मड़ावी, श्री कृष्ण घुले, राधेश्याम घुले,सुखचरण खंडाते आदि।

### प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से गायत्री की सफलता की कहानी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** महिला बाल विकास विभाग किरनापुर के ग्राम केशा की गायत्री कावरे, बालाघाट जिले के एक छोटे से गाँव केशा में रहती हैं।वह खेतों में काम करके अपने परिवार का गुजारा करती थी। जब मैं पहली बार गर्भवती हुई तो मेरे सामने कई समस्याएँ थी जैसे- आर्थिक तंगी, पोषण की कमी और उचित स्वास्थ्य देखभाल की व्यवस्था नहीं थी।



इसी दौरान मुझे मेरे गाँव की आँगनवाड़ी कार्यकती से ₹प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना₹ के बारे में जानकारी मिली। मैंने आ.वा. कार्यकती श्रीमति लक्ष्मी रावते की मदद से इस योजना के लिए पंजीकरण करवाया। इस योजना के तहत मुझे तीन किश्तों में कुल 5000 रु. की राशि मिलि। इस सहायता राशि से मैंने गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण, नियमित जाँच और आराम मिला। साथ ही, यह राशि मेरे प्रसव के बाद भी काफी सहायक साबित हुई जिससे मैंने मेरे शिशु की देखभाल में भी मदद मिली।

इस योजना की मदद से मिली धनराशि की सहायता से मैंने एक स्वस्थ बच्चे की जन्म दिया और मैं भी जल्दी स्वस्थ हो पायी। अब मैं अन्य महिलाओं को भी इस योजना के बारे में जागरूक कर रहीं हूँ। मैं यह कहना चाहती हूँ कि अगर मुझे श्रीमति लक्ष्मी रावते आ. वा. केन्द्र केशा-०२ की कार्यकती द्वारा इस योजना की सही समय पर जानकारी नहीं मिलती तो मेरे बच्चे और मेरे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता। इसलिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूँ और साथ ही केन्द्र सरकार का भी आधार व्यक्त करती हूँ।

## खबर संक्षेप

### गणेशगंज की मड़ई होगी अब दो दिवसीय

ग्राम गणेशगंज की प्रसिद्ध सप्तमी तिथि (सांते) को लगने वाली मड़ई इस वर्ष भी 27 अक्टूबर दिन सोमवार से लगेगी। विगत वर्षों से निरंतर एक दिवसीय लग रही सप्तमी तिथि (सांते) की मड़ई को अब दो दिवसीय भरे जाने की ग्राम पंचायत गणेशगंज द्वारा की गई अपील। हमेशा से मड़ई में पहुंच रहे व्यापारी बंधू, झूला व्यवसाई, यदुवंशी भाई (अहिरी नृत्य) गणेशगंज वासियों सहित क्षैत्रिय जनमानस को बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता हैं इस वर्ष 27 अक्टूबर दिन सोमवार तथा 28 अक्टूबर दिन मंगलवार (सप्तमी व अष्टमी तिथि) दो दिवसीय मड़ई का भव्य अयोजन किया जा रहा है। जिसमें बाहर से आने वाले व्यापारी बंधू सहित अन्य दुकानदारों को रहने की समूचित व्यवस्था ग्राम पंचायत करेगी वही दो दिवसीय मड़ई बिल्कुल टैक्स फ्री होगी जिसमें किसी भी तरह की वसूली नही की जाएगी।!

# सागौन का अवैध रूप से परिवहन करते पिकअप वाहन सहित दो युवक पकड़ाये








हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**दिनांक 24.10.2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर सागौन के गीले लट्ठे को अवैध रूप से परिवहन करते हुये खवासा स्थित टोल प्लाजा में महिन्द्रा बोलेरो वाहन क्रमांक** MH 40 DC 0941 **को वन परिक्षेत्र खवासा (बफर) के स्टॉफ द्वारा पकडा गया। पकडे गये वाहन की तलाशी लेने पर वाहन से 09 नग सागौन के गीले लट्ठे पाये गये जिनकी मात्रा 1.793 घ.मी. पाई गई।**

वाहन चालक से परिवहन कर ले जा रहे वनोपज के संबंध में उचित दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। वाहन चालक से मौका स्थल पर पूछताछ की गई जिसमें उसके द्वारा जप्त वनोपज वन परिक्षेत्र सिवनी (सामान्य) के अंतर्गत आने वाले ग्राम तिघरा, जिला - सिवनी (म.प्र.) का होना बताया गया। वाहन चालक से प्राप्ता जानकारी के अनुसार घटना स्थसल ग्राम तिघरा पहुंचकर खवासा (बफर) परिक्षेत्र के स्ट्रॉफ द्वारा मौका सत्यापन किया गया, सत्यापन के दौरान घटना स्थफल क्षेत्र के स्थानीय निवासी कृषक ब्रजमोहन बघेल के खेत का होना पाया गया। प्रकरण दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल सिवनी का होने के कारण मय वाहन, वनोपज एवं पकडे गये 02 आरोपी सहित वन परिक्षेत्र कुरई (सामान्यत) को दिनांक 24.10.2025 को हस्तांररित कर दिया गया। उक्त की गई कार्यवाही में वन परिक्षेत्र खवासा (बफर) के स्टॉफ सम्मिलित रहें।

# युवक की संदिग्ध मौत से गांव में फैली सनसनी, पुलिस जुटी जांच में

**थाना क्षेत्र के ग्राम निवारी में शुक्रवार की सुबह एक युवक की संदिग्ध मौत से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर अरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।**

मृतक की पहचान अनिल मर्सकोले (30 वर्ष) निवासी निवारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला, जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

स्थानीय लोगों ने घटना पर संदेह जताते हुए जांच की मांग की है। वहीं पुलिस ने कहा है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और हर पहलू से मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अज्ञात वाहन ने एक बाइक को मारी टक्कर मौके पर मौत



सिवनी के धनौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ेघाट के पास एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना शुक्रवार दोपहर 12 बजे की है। जानकारी के अनुसार राजेश प्रजापति (32) पिता रमेश प्रजापति घंसौर ग्राम से कान्हीवाड़ा ग्राम जा रहे थे। जब वह बड़ेघाट के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक जमीन पर गिर गया। इस हादसे में राजेश के हाथ, पैर, सिर सहित शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा तैयार किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा भेजा गया है, जहां पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### टीआई बोले-फरार वाहन और उसके चालक की तलाश जारी

धनोरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ ने बताया कि उन्हें अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, लेकिन इसके बावजूद लापरवाही से वाहन चलाने के कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं।

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा इकाई सिवनी ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष नौबद सनोडिया के नेतृत्व में जिले की समस्त संयुक्त संघर्ष मोर्चा इकाई सिवनी के अध्यक्ष कमलेश दत्त दुबे संयुक्त संघर्ष मोर्चा इकाई पलारी के अध्यक्ष निजाम सिंह बघेल संयुक्त संघर्ष मोर्चा इकाई केवलारी के अध्यक्ष राजेश उईके संयुक्त संघर्ष मोर्चा छपारा इकाई के अध्यक्ष ढालसिंह शिव के द्वारा अपने-अपने मंडी के भारसाधक अधिकारी को मंडी बोर्ड से भावांतर के लिए राशि लिए जाने के विरोध में काली पट्टी धारण करके कार्य किया गया एवं विरोध प्रदर्शन करके भारसाधक अधिकारी महोदय को ज्ञापन सौपा गया।

### कलेक्टर श्रीमती पटले ने शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक ली

# एक सप्ताह में शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस प्रणाली लागू करने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने विभागीय स्कूलों, छात्रवासों, कन्या शिक्षा परिषद, सांदीपनि विद्यालय के संचालन की स्थिति तथा निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा की।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, स्कूटी, साइकिल एवं गणवेश वितरण की स्थिति की समीक्षा की। समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत बच्चों के पंजीयन एवं स्वीकृति में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीआरसी घंसौर श्री कमलेश बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर एपीसी श्री हरीश बर्मन को भी नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर ने गत वर्ष के परीक्षा परिणामों पर चर्चा



करते हुए बेहतर परिणामों के लिए माइक्रो लेवल पर मॉनिटरिंग करने तथा विद्यार्थीवार सुधार के प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मैदानी अमले को नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करने और लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों एवं कर्मियों पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अधिकारियों को प्रति सप्ताह प्राचार्यों की वर्चुअल बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। अनुकम्पा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। शिक्षकों के ई-अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए उन्होंने एक सप्ताह में शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए।

एफएलएन मेले की तैयारियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने स्कूलवार अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों में पढने वाला बच्चा हमारे समाज और देश का भविष्य है। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी और दायित्व दोनों है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और उनमें रचनात्मकता का विकास हो।

उन्होंने प्राइमरी कक्षाओं से ही बच्चों में सीखने की ललक और कुछ बनने के सपने विकसित करने पर जोर दिया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि कक्षा 6 से ऊपर के विद्यार्थियों के लिए करियर विचार हेतु मॉडल प्रश्न तैयार किए जाएं, ताकि बच्चों में अपने भविष्य के प्रति स्पष्टता और प्रेरणा विकसित हो सके।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती आरती शाह, जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे, सहायक आयुक्त लालजी मीणा, जिला परियोजना समन्वयक महेश बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी, विकासखंडों के बीईओ एवं बीआरसी उपस्थित रहे।

# अवैध धान विक्रय रोकने जिले में चेक पोस्ट निर्धारित

## समर्थन मूल्य उपार्जन अवधि में होगी सघन निगरानी

**मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के दौरान अन्य राज्यों एवं जिलों से अवैधानिक रूप से खाद्यान्न लाकर विक्रय करने तथा बिचौलियों द्वारा फर्जी पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य पर विक्रय की रोकथाम के उद्देश्य से सीमावर्ती जिलों एवं अंतर्राज्यीय सीमाओं पर चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



फाईल फोटो

इसी क्रम में सिवनी जिले में शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में निम्नानुसार चेकपोस्ट निर्धारित किए गए हैं। जिसमें क्रमशः कुरई अनुविभाग में सिवनी-नागपुर मार्ग पर खवासा, बरघाट अनुविभाग में बरघाट-कंटगी मार्ग पर धरमकुआं एवं बरघाट-बालाघाट मार्ग पर बहरई, केवलारी अनुविभाग में केवलारी-मंडला मार्ग पर खैरलांजी तथा केवलारी-बालाघाट मार्ग पर पांडिया छपारा (दुरेंदा), लखनादौन अनुविभाग में लखनादौन-जबलपुर मार्ग पर बंजारी एवं लखनादौन-नरसिंहपुर मार्ग पर गौराबीबी, घंसौर अनुविभाग में घंसौर-मंडला मार्ग पर रजरबाड़ा, तथा सिवनी अनुविभाग में सिवनी-छिंदवाड़ा मार्ग पर पीपरडाही चेकपोस्ट निर्धारित किए गए हैं।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने चेकपोस्ट पर रोस्टर अनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करें। साथ ही स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से चेकपोस्ट पर सघन निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही करें।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने अवैधानिक रूप से जिले में विक्रय हेतु प्रवेश करने वाले परिवहनकर्ता, ट्रक/वाहन मालिक या चालकों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# विधायक निधि से अधिवक्ता शेड में कराया जा रहा निर्माण कार्य

**घंसौर।** तहसील मुख्यालय घंसौर अंतर्गत विधायक निधि से अधिवक्ता शेड में निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है अनुमानित 3 लाख रुपये की लागत से अधिवक्ता संघ घंसौर के शेड के भीतरी हिस्से में निर्माण कार्य किया जा रहा है, बताया जा रहा है कि अधिवक्ता संघ घंसौर में बढ़ते अधिवक्ताओं की संख्या के कारण बैठने की जगह में कमी देखी जा रही



थी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कार्यकाल में विधायक योगेन्द्र सिंह द्वारा अधिवक्ता शेड का निर्माण कराया गया था जहां शेड चारो तरफ से बंद नहीं होने बारिश के दिनों में अधिवक्ताओं को परेशान होना पड़ता था जिसके उपरांत अधिवक्ताओं की मांग पर विधायक द्वारा विगत माह पूर्व लगभग तीन लाख रुपये की राशि विधायक निधि से स्वीकृत कराई गई जिससे निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्राम पंचायत घंसौर द्वारा उक्त निर्माण कार्य कराया जा रहा है बताया गया है कि उक्त निर्माण कार्य पूरा होने के उपरांत अधिवक्ताओं तथा उनके पक्षकारों को बैठने में सहूलियत होगी।

### एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन

# बाहरी परिस्थिति जब हमें प्रभावित न करे तब ही हम आनंद में है - रवि सिहाग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य आनंद संस्थान, भोपाल (आनंद विभाग) एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड लखनादौन जिला सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में आज एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत सभागार लखनादौन में किया गया। जिसमें एसडीएम लखनादौन रवि सिहाग आईएस, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनादौन अभिषेक जैन,जनपद पंचायत लखनादौन उपाध्यक्ष दीपक निगम,मप्र जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला,मप्र राज्य आनंद संस्थान सिवनी से मास्टर ट्रेनर आनंदक नीलम विश्वकर्मा,श्रद्धा ठाकुर,माधवी शर्मा, नैनवती बरकडे,राकेश कुमार अग्रवाल,नरेश मिश्रा, जन अभियान परिषद लखनादौन विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव उपस्थित रहे,कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत लखनादौन उपाध्यक्ष दीपक निगम द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पूजन कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। शुभारम्भ सत्र में सर्वप्रथम कार्यशाला पंजीयन एवं किट जन अभियान द्वारा प्रदान करते हुए प्रथम सत्र आनंदक श्रीमती नीलम विश्वकर्मा द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम के उद्धेश्य से अवगत कराया गया, सभी प्रतिभागियों को जीवन में आनंद कैसे प्राप्त हो, इस विषय पर विचार प्रकट किया गया। इसी क्रम उपस्थित सभी सत्र प्रशिक्षको ने क्रम बद्ध अल्पविराम कार्यशाला में



अपने अपने विषय वस्तु पर प्रशिक्षण दिया साथ ही विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया सत्र के दौरान स्वल्पाहार एवं भोजन सत्र का भी आयोजन किया गया,कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम लखनादौन रवि सिहाग ने जीवन के आनंद की उपस्थिति का मूल्य बताते हुए कर्मचारी अधिकारीयो को अपने संबोधन में कहा कि जीवन में यदि आनंद की अनुभूति है तब ही जीवन की सफलता निश्चित है आनंद की प्राप्ति के बिना जीवन की सफलता संभव नहीं है दरअसल जीवन में आनंद ही परमानंद याने ईश्वर की प्राप्ति है आनंद नहीं होने पर मन में तनाव घर कर लेता है जिससे कई प्रकार की बीमारी और विकार जन्म लेते हैं और जीवन नारकीय बन जाता है,सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइफ बैलेंस शीट एवं संपर्क-सुधार-दिशा के सत्र लिए गए एवं उनके द्वारा व्यवहार परिवर्तन से जीवन को मिली दिशा से जुड़े अनुभव साझा किए गये , मास्टर ट्रेनर नैना बरकडे द्वारा मुक्ति पात्र के माध्यम से बताया कि क्या मैं जैसा बाहर से दिखाई देता हूँ वैसा भीतर से हूँ तथा लोगों से भी वैसी अपेक्षा रखता हूँ, अब मैं अपने जीवन में आनंद की अनुभुति प्राप्त कर रहा हूँ।

इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने भी उत्सुकता से जीवन में आनंद कैसे मिले इसके लिए अनेकानेक खेल एवं क्रियान्वयन में सहभागिता रही।जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला ने उपस्थित कर्मचारी अधिकारीयो से आनंद संस्थान द्वारा आयोजित अल्पविराम कार्यशाला में अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार अल्पविराम हमारी कार्य क्षमता को बढ़ाता है और तनाव पूर्ण जीवन शैली से मुक्त करने में सहायता करता है,अंत में सभी का आभार व्यक्त रीतावर्मा श्रीवास्तव विकासखंड समन्वयक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी हुए विभिन्न शासकीय विभागों में स्कूल शिक्षा,स्वास्थ विभाग, महिला एवं बाल विकास,राजस्व, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारीगण अधिकारीगण सहित परामर्शदाता प्रवेश सारथे,पूनम राय,महेश सोनी, ने उपस्थित रहकर अपना सराहनीय योगदान दिया।

## श्री श्री 1008 हरिहरात्मक सर्वसमाज महायज्ञ की पृष्ठ भूमि हो गई तैयार

# महान विद्वत संत-महात्माओं के सान्निध्य में होगा दस दिवसीय श्री हरिहरात्मक महायज्ञ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उगली। सनातन की अलख की अनवरत मशाल,धर्म, सद्भाव और मानव कल्याण के संदेश के साथ इस वर्ष श्री हरिहरात्मक सर्व समाज महायज्ञ का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। यह दस दिवसीय धार्मिक आयोजन 7 नवम्बर से 17 नवम्बर 2025 तक बैनगंगा-हिर्री संगम, बजरंग घाट, इमलीटोला (ग्राम पंचायत खुरसुरा, उगली) की पावन धया में संपन्न होगा।

आयोजन समिति ने बताया कि यह महायज्ञ सर्व समाज के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में धर्म, सदाचार, सद्भावना और एकता, समरषता का संदेश प्रसारित करना है। इस दिव्य आयोजन में देशभर के अलग अलग राज्यों से विख्यात संत-महात्मा, कथा व्यास,महिला कथाकार रामायणी, मानषी,ज्योतिषाचार्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे, जो अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, आस्था और जीवन मूल्यों का संदेश देंगे।

प्रतिदिन कार्यक्रमों का दैनिक क्रम इस प्रकार रहेगा

### अगहन माष की त्रयोदशी तिथि से अगले माह 7-17 नवंबर के बीच होगा हिर्री संगम घाट पर रुद्र प्रयाग सा माहोल...

आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, 7 नवम्बर 2025 को विशाल कलश शोभा यात्रा के साथ यज्ञ कार्य का शुभारंभ होगा, जिसके बाद गणेश पूजन एवं मंडप प्रवेश की विधिवत प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। इसके पश्चात 8 नवम्बर 2025 से देव स्थापना, श्रीमद् भागवत कथा और श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। कार्यक्रमों का दैनिक क्रम इस प्रकार रहेगा प्रातः 7 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक यज्ञ कार्य। दोपहर 1.30 बजे से 4.30 बजे तक साध्वी मीरा सरस्वती श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा,सायं 4.30 बजे से जगद् गुरुजी दीनदयालाचार्य महाराज दुर्गा कुंड काशी के आशीर्वचन के बाद शाम 6 बजे पतित पावन पुंण्य शलीला मां बैन गंगा की सांध्य संगीतमय आरती तत्पश्चात रात्रि 8-10 बजे तक श्रीराम कथा पं. राघव किशोर क्रांतीदूत रामायणी साथ में मानषी श्रीमति रचना रामायणी के मुखारविंद से अमृत वचन एवं प्रतिदिन अन्य धार्मिक व सांसकृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। धर्माचार्य व संत, महात्मा, कथा व्यास और ज्योतिषाचार्य श्रीमद् जगतगुरु 1108 श्री दीनदयालाचार्य जी दुर्गा कुंड, काशी (उ.प्र.), श्रीमद् भागवत कथा व्यास सुश्री साध्वी मीरा दीदी जीवृंदावन (उ.प्र.), मानस व्यास क्रांति दूत श्री राघव किशोर जी रामायणी- इटावा (उ.प्र.), मानस मंजरी श्रीमती रचना देवी जी इटावा (उ.प्र.) श्री हरिहरात्मक यज्ञ के यज्ञाचार्य, पं. पंकज जी शास्त्री वाराणसी (उ.प्र.), श्रीमद् यज्ञ उपाचार्य पं. मनहरन जी शास्त्री कवर्धा (छ.ग.), परम पूज्य ज्योतिषाचार्य श्री टिकमाचार्य जी महाराज श्री राधारमण धाम बिरेझर (छ.ग.), यज्ञ संयोजकस्वामी अनुभवानंद जी दुर्ग (छ.ग.), सह सहायक श्री चंदन गिरी जी महाराज शिवधाम खैरगांव, ब्रम्हचारी मोहन दाष जी महाराज,अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक मानष पंकज जी महाराज बिलाषपुर छत्तीसगढ़ रहेंगे मुख्य अतीथी,सहयोगी संतगण- परमपूज्य आलोक दीक्षित जी नैनपुर, अवधेश कुमार दुबे जी पिपरिया, आशीष मिश्रा जी विभारी, अनुप दुबे जी पिपरिया, राजू दुबे जी पिपरिया, ज्योतिषाचार्य श्याम सुंदर प्यासी जी के परम सान्निध्य में यज्ञ संपन्न होगा।

कार्तिक माष की पूर्णिमा के शाही स्नान के बाद संगम मेला और श्री हरिहरात्मक यज्ञ दोनों के एक साथ होने से उगली, पां. छपारा क्षेत्र में सभी जनों का मिल रहा भरपूर जन समर्थन स्थानीय लोगो ने बताया की इस स्थान पर आज से इक्कीस वर्ष पूर्व में मारुती यज्ञ हुआ था, वह भी विशाल कार्यक्रम था और अब भी यह दिव्य यज्ञ पुनः यहां हो रहा है, निश्चित रुप से हम सभी क्षेत्रवाषीयों के सहयोग से इस पुनीत पावन कार्य को सफल बनायेंगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में स्वर्ण जयंती समारोह का समापन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरस्वती शिशु/उ.मा.विद्यालय भैरोगंज सिवनी के स्वर्ण जयंती दो दिवसीय समारोह शुक्रवार को गरिमामय शुभारंभ हुआ। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। 1975 से आज तक विद्यालय में अध्ययनरत 1000 से अधिक देश व विदेश में रहने वाले पूर्व छात्रों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रथम बैच से लेकर वर्तमान तक सहभागियों छात्रों ने अपने संस्मरणों और विद्यालय के प्रति भावपूर्ण उद्बोधनों से माहौल को हृदयस्पर्शी बना दिया। आयोजन में विद्याभारती महाकोशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री अमित दवे एवं प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र संयोजक रामबहोरी जी पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहें। आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन आज मध्यप्रदेश शासन की केबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पातिया उइके जी के मुख्य अतिथ, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी की अध्यक्षता, बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी , सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी एवं बरघाट विधायक श्री कमल मर्सकोले जी के विशिष्ट आतिथ्य में सरस्वती शिशु मंदिर नवीन भवन (पी.जी.कॉलेज के सामने) में प्रातः 11 बजे समापन समारोह आयोजित होगा। इस समारोह के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी सम्पन्न किये जाएगें। आतिथियों द्वारा स्वर्णजयंती वर्ष पर प्रकाशित "स्वर्ण-प्रभा" स्मारिका का विमोचन किया जाएगा।

### धान की कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी किये जाने का मामला

# धान घोटालाः 3 राइस मिल संचालकों पर FIR दर्ज

**मॉ कमला देवी राईस मिल, गर्रा की जॉच में 02 करोड़ 68 लाख 89 हजार 300 रुपए के 11691 क्विंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंधित राईस मिलर्स के स्टॉक का सत्यापन किये जाने पर 03 राईस मिलों में धान का स्टॉक नही पाए जाने पर उनके संचालकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंधित राईस मिलर्स को धान की मिलिंग कर शासन के निर्धारित अनुपात में चावल शासन को उपलब्ध कराना था। लेकिन इन मिलर्स द्वारा चावल उपलब्ध नही कराया जा रहा था। जिसके कारण इन मिलर्स के स्टॉक का सत्यापन कराया गया था। इन 03 राईस मिलों के भौतिक सत्यापन में 05 करोड़ 47 लाख 58 हजार 331 रुपए मूल्य का 23 हजार 808 क्विंटल धान नही पाया गया है।



कलेक्टर श्री मीना के आदेश पर अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे के निर्देशन में जिले में विभिन्न राईस मिलों के धान/चावल के स्टॉक के भौतिक सत्यापन की जॉच खाद्य विभाग, राजस्व विभाग के तहसीलदार/नायब तहसीलदार एवं कृषि उपज मंडी के मंडी निरीक्षक/उप निरीक्षक के द्वारा कराई गई। जिसमें तहसील खैरलॉजी में स्थित श्री मातारानी राईस मिल की जॉच में लगभग 01 करोड़ 49 लाख 22 हजार 331 रुपए के 6488 क्विंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया। इसी प्रकार तहसील लॉजी स्थित मॉ पूर्णा राईस मिल की जॉच में 01 करोड़ 29 लाख 46 हजार 700 रुपए के 5629 क्विंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया। तहसील लालबर्रा स्थित मॉ कमला देवी राईस मिल, गर्रा की जॉच में 02 करोड़ 68 लाख 89 हजार 300 रुपए के 11691 क्विंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि राईस मिलर्स के भौतिक सत्यापन में पाया गया कि इन तीन राईस मिलर्स द्वारा शासकीय धान की अफरा तफरी कर शासन को क्षति पहुँचाने का कार्य किया गया है। जिस पर श्री मातारानी राईस मिल खैरलॉजी के प्रोपराईटर श्री विवेक मिश्रा निवासी खैरलॉजी के विरूध्द कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खैरलॉजी श्री अश्विनी देशमुख द्वारा 19 अक्टूबर को थाना खैरलांजी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी प्रकार 23 अक्टूबर को मॉ पूर्णा राईस मिल चिचोली (लॉजी) के प्रोपराईटर श्री विवेक मस्करे निवासी तह.लॉजी के विरूध्द कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लॉजी श्री गेंदलाल सनोडिया द्वारा थाना बहेला तह.लॉजी में एवं मॉ कमला देवी राईस मिल, गर्रा के प्रोपराईटर श्री सुधीर तिवारी एवं प्रतिनिधि श्री विशाल गंगवानी निवासी बालाघाट के विरूद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनिल किरार द्वारा पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### निर्माण विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

# कलेक्टर ने ली निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 24 अक्टूबर को निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बनाये जा रहे भवन, सड़क़, पुल, पुलिया के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जायें।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन निर्माण कार्यों में राशि के अभाव में कार्य रूका हुआ है या शेष रह गया है उन कार्यों के लिए राशि प्राप्त करने का प्रस्ताव शीघ्रता से वरिष्ठ कार्यालय को भेजें। इस दौरान उन्होंने जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चल रहे आरसीपीएलडब्यू एवं एससीए योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिन कार्यों के लिए प्रशासकीय मंजूरी दी जा चुकी है उन कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने कहा गया। जिन कार्यों के लिए भूमि एवं वन विभाग की अनुमति की आवश्यकता हो उसके लिए प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण कराने कहा गया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा नक्सल क्षेत्र के कार्य की राशि का उपयोग समय सीमा में नहीं करने पर कार्यपालन यंत्री एवं एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। नक्सल क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुल-



पुलियों के सुधार व मरम्मत का कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्देशित किया कि भवन निर्माण के जो कार्य पूर्ण हो गये हैं उनके पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जायें और उन्हें संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जाये। रबी सीजन में किसानों को सुगमता से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने, नहरों के सुधार व मरम्मत का कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिये गये। जिन विभागों के लिए भवन आदि के कार्य कराये जा रहे हैं, उन विभागों के अधिकारी समय समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि भवन उनके विभाग की आवश्यकता के अनुसार बन रहा है या नहीं। कलेक्टर श्री मीना ने बालाघाट-सिवनी रोड के कंजई से बालाघाट वाले हिस्से में मेंटेनेंस का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर ठेकेदार के विरूद्ध पेनाल्टी लगाने एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने बालाघाट-गायखुरी-नवेगांव रोड का सुधार एवं मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिये।

### बाईक सवार को बचाने के फेर में टकराये ट्रक

# चंदन नदी के पास दो ट्रको की सीधी भिड़ंत!

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर से लगभग 3 किलोमीटर दूर चंदन नदी के पुल और ग्राम मेंहदीवाड़ा के बीच में दो ट्रकों के बीच आमने सामने की जबरदस्त टक्कर में दोनों ट्रको के चालक घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों और राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष जावेद अली के सहयोग से सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। दोनों चालक खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

यह घटना 24 अक्टूबर की रात्रि लगभग 8 से 9 बजे के बीच की बताई जा रही है। ट्रक चालक राजकुमार मातरे ने बताया कि वह ग्राम टेकाडीघाट में खाद छोड़ कर वापस बालाघाट लौट रहा था। जब वह ग्राम मेंहदीवाड़ा से वारासिवनी की ओर बढ़ा, तो नदी के पुल के पास सामने से एक ट्रक आ रहा था। इसी बीच एक बाइक सवार तेज रफ्तार से ट्रक के सामने आ गया, जिसे बचाने के फेर में दोनों ट्रकों में सीधी भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में हम दोनों ट्रक चालक केबिन में फँस गए थे। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर ग्रामीणजन एकत्रित हो गए थे, जिन्होंने हमें ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया है।



इस दुर्घटना की खबर मिलने पर राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए थे और उन्होंने एक घायल ड्राइवर को अपने वाहन से सिविल अस्पताल वारासिवनी में ले जाकर उसका उपचार करवाया।

दुर्घटना के बाद सडक़ मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिससे बड़े वाहनों को लगभग 2 घंटे तक जाम में फँसा रहना पड़ा। बाद में पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त ट्रकों को सडक़ मार्ग से हटवा कर आवागमन प्रारंभ करवाया। इस दुर्घटना के बाद दुर्घटना का कारण बने बाइक सवार घटना स्थल से फरार हो गए। इस दुर्घटना के बाद ग्राम मेंहदीवाडा के ग्रामीणों और जावेद अली व उनके साथियों द्वारा दिखाई गई मानवता की लोग भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

# कलेक्टर ने की विद्युत विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 24 अक्टूबर को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की बैठक लेकर विद्युत से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण यंत्री श्री अमित कुमार, संभागीय यंत्री बीएल बैना, श्री रवि कुम्भरे एवं तीनों संभाग के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, आरडीएसएस योजना, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विद्युत वितरण कार्य, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में प्रस्तावित विभागीय कार्य, विद्युत दुर्घटना रोकने के लिए सुधार कार्य की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक एवं व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए और लोगो को इससे होने वाले लाभ की जानकारी दी जाए। सोलर कनेक्शन के लिए शिविर लगाकर अधिक संख्या में आवेदन लिये जाए। जिन क्षेत्रों में बिजली की समस्या है या जहां पर बिजली की लाईन नही है उन क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ सोलर कनेक्शन देने की



कार्यवाही की जाए। इस दौरान बताया गया कि जिले में 07 हजार सोलर कनेक्शन स्थापना का लक्ष्य दिया गया है। इसके विरूद्ध अब तक जिले में 530 सोलर कनेक्शन स्थापित किये जा चुके है। जिले के 78 शासकीय भवनों की छतों पर 20 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल लगाने के लिए सर्वे किया जा चुका है। ग्राम कोसमी को आदर्श सौर ग्राम के रूप में चयनित किया गया है।

कलेक्टर श्री मीना ने शासन की योजना के अंतर्गत 90 प्रतिशत अनुदान पर अधिक से अधिक पात्र किसानों को सोलर पम्प दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्थायी विद्युत कनेक्शन वाले एवं जिन गावों में बिजली नही है वहां के किसानों को प्राथमिकता से सोलर पम्प दिलाने के प्रकरण तैयार किये जाए। इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर पात्र किसानों से आवेदन भरवाने कहा गया।

# देव उठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने की अपील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश में देव उठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना अधिक होती है, इसलिए प्रतिवर्ष इस दौरान बाल विवाह के विरुद्ध बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की गई जिसका उद्देश्य 2025 तक बाल विवाह को 23.3 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करना तथा 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। इस वर्ष 02 नवंबर 2025 को देवउठनी पर्व मनाया जाएगा।

वन स्टॉप सेंटर बालाघाट की प्रशासक सुश्री रचना चौधरी ने समस्त जिलेवासियों से अपील की है कि बाल विवाह रोकने में मदद करें। उन्होंने महिलाओं को नेतृत्वकर्ता के रूप में सशक्त बनाने वाले जनप्रतिनिधि, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों से अपने क्षेत्रों से बाल विवाह को समाप्त करने में सहयोग प्रदान करने कहा है। बाल विवाह



एक सामाजिक बुराई है जो लडकियों की शिक्षा, सुरक्षा व स्वास्थ्य में बड़ी बाधा है और उन्हे उनके सपनों को साकार करने से रोकती है। बाल विवाह के दुष्परिणामों में कम उम्र मे गर्भधारण, मातृ व नवजात मृत्यु, बाल स्वास्थ्य समस्या, शिक्षा में बाधा, रोजगार व आजीविकाओं के अवसरों में कमी तथा हिंसा और दुर्व्यवहार के खतरे शामिल है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बाल विवाह कराना दण्डनीय अपराध है ऐसा करने पर 2 वर्ष तक के कठिन कारावास एवं 01 लाख रुपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

# पेंशनर्स ने पेंशन की गारंटी, महंगाई भत्ता बढ़ाने और अनुकंपा नियुक्ति सहित अपनी कई समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन ने एक बैठक आयोजित की। इसमें पेंशनर्स ने पेंशन की गारंटी, महंगाई भत्ता बढ़ाने और अनुकंपा नियुक्ति सहित अपनी कई समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि विद्युत मंडल और राज्य सरकार के पेंशनर्स को अभी तक महंगाई भत्ते की किस्त नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह पहली सरकार है जिसने महंगाई भत्ता रोका है। पेंशन की गारंटी के लिए भी वर्षों से गुहार लगाई जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

प्रांतीय उपाध्यक्ष आई.डी. पटले ने बताया कि बालाघाट के



विधायक भी कर्मचारियों के वोटों से चुनाव जीतने के बावजूद उनकी आवाज सदन में नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से कई बार निवेदन किया गया, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया।

अब एसोसिएशन ने आगामी विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है ताकि उनकी आवाज सदन तक पहुंच सके।

बैठक में नियमित राज्य कर्मियों की तरह बकाया 4 प्रतिशत डी.ए. ओर केन्द्रकर्मी के अनुसार बकाया 30 प्रतिशत डी.ए. मय एरियर्स, छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति समाप्त करने वाली धारा 49 के आदेश प्रसारित करने, छठे वेतनमान का 32 माह और सातवें वेतनमान का 27 माह का रिवीजन एरियर्स और वर्ष 2000 के पूर्व के पेंशनर का वेज रिवीजन एरियर प्रदान करने।

30 जून को सेवानिवृत्त कर्मियों को न्यायालय के आदेश के अनुरूप अतिरिक्त इनक्रीमेंट मय एरियर्स दिए जाने, केन्द्र और राज्य शासन के अनुरूप सातवें वेतनमान की विसंगति दूर कर 4400 रूपए ग्रेड-पे में सुधार करने, पूर्व अनुसार 25 प्रतिशत फ्री बिजली देने और पेंशनर्स के विद्युत देयकों में अतिरिक्त अमानत राशि नहीं लिए जाने, सोलर प्लॉट के लिए पेंशनर्स को भी सब्सिडी देने सहित अन्य मांगो पर चर्चा की गई।

बैठक में एसोसिएशन अध्यक्ष इंजीनियर के.एल. गौतम, सचिव आर.एस. सिंह, कोषाध्यक्ष मानिकचंद ठाकरे, इंजीनियर भगत सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# देवी तालाब के संरक्षण के लिए एनजीटी ने किया दौरा

**बालाघाट।** बालाघाट के देवी तालाब के संरक्षण को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश पर शुक्रवार को एक टीम ने निरीक्षण किया। इस टीम में पर्यावरण कंट्रोल बोर्ड जबलपुर के प्रतिनिधि कैलाश सोनी, इफको भोपाल के प्रतिनिधि मनोज विश्वकर्मा और प्रशासनिक प्रतिनिधि एसडीएम गोपाल सोनी शामिल थे।

याचिकाकर्ता द्वारका प्रसाद चौधरी के साथ टीम ने तालाब का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने देवी तालाब में आ रहे गंदे पानी के पांच स्त्रोतों, जिनमें नाले और नालियां शामिल हैं, का भी निरीक्षण किया।

दरअसल, याचिकाकर्ता द्वारकाप्रसाद चौधरी ने शहर के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के देवीतालाब को संरक्षित करने के लिए एनजीटी में एक वाद दायर किया था। एनजीटी ने 23 सितंबर को तीन सदस्यीय टीम को देवीतालाब का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद यह टीम शुक्रवार को निरीक्षण के लिए पहुंची थी।



याचिकाकर्ता द्वारका प्रसाद चौधरी का आरोप है कि लगभग 16 एकड़ 14 डिसमिल का यह तालाब अब केवल 8 से 9 एकड़ में ही सिमट गया है। उनका कहना है कि करीब 6 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर भवन और दुकानें बना ली गई हैं, जबकि डेढ़ से दो एकड़ तालाब को नगर पालिका ने मिट्टी से पाट दिया है।चौधरी ने टीम को तालाब की वास्तविक स्थिति, अतिक्रमण और पाटने की पूरी जानकारी दी। उन्होंने देवी तालाब में पांच नालों और नालियों से आने वाले गंदे पानी के स्रोतों के बारे में भी बताया, जिसका टीम ने निरीक्षण किया। इस आधार पर टीम एनजीटी में एक रिपोर्ट पेश करेगी, जिस पर 10 नवंबर को सुनवाई होनी है। शहर के नागरिकों ने प्रशासन और नगर पालिका की अनदेखी के कारण तालाब में गंदे पानी के प्रवाह और अतिक्रमण से सिकुड़ते तालाब को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की थी।

# मधुमक्खी के हमले से महिला समते 3 घायल

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के दो अलग-अलग गांवों में मधुमक्खी के हमले से तीन लोग घायल हो गए हैं। इनमें दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे हुई। पहली घटना बोदा गांव की है। यहां मेवाराम पिता खेलराम लिल्हारे और गणेश दमाहे बाइक से खेत जा रहे थे, तभी मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खी के काटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना ग्रामीण थाना क्षेत्र के खुरसोड़ी गांव में हुई। खेत जा रही रीना पति दिलीप लिल्हारे नामक महिला पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले के बाद रीना एक किलोमीटर दूर अपने घर तक दौड़कर पहुंची। परिजनों ने उसकी बिगड़ती हालत देखकर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# दीपावली बनी शिक्षा का पर्व : आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दीपों के इस पावन पर्व पर जहाँ लोग अपने घरों को रोशनी से सजाते हैं,वहीं आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट नेवैनगंगा नदी के तट पर स्थित ग्राम गर्रा, तहसील वारासिवनी बालाघाट के ज़रूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और जीवन में उजाला बाँटकरदीपावली को सेवा और शिक्षा का पर्व बना दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य केवल दीप प्रज्वलित करना नहीं,बल्कि ज्ञान, स्नेह और उम्मीद का प्रकाश फैलाना था।समिति के सदस्यों ने बच्चों को गर्म वस्त्र, मिष्ठान, स्टेशनरी किट एवं खिलौने वितरित किए,ताकि उनकी दीपावली खुशियों और नए सपनों से जगमगा उठे,और वे शिक्षा की राह पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।इस अवसर पर ग्रामीण जनों एवं समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।सभी ने बच्चों संग दीप जलाकर, मिठाइयाँ बाँटी, खेल खेलेऔर यह दीपावली मानवता, करुणा और शिक्षा की रोशनी से आलोकित हो उठी।कार्यक्रम के सफल आयोजन परआदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट (म.प्र.) नेसभी सहयोगियों, ग्रामीण जनों और दानदाताओं के



प्रतिहृदय से आभार व्यक्त किया तथा जागरूकता का संदेश दिया —सेवा ही सच्ची आराधना है।

### 85 आवेदकों के साथ जनसम्स्या शिविर हुआ आयोजित

# बिरसा जनपद के ग्राम जगला में लगाया गया जनसमस्या शिविर, सुनी समस्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के नेतृत्व में 24 अक्टूबर को जनपद पंचायत बिरसा के ग्राम पंचायत जगला में जनसमस्या निवारण एवं वनाधिकार तथा आधार संबंधी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत जगला के साथ-साथ, आस-पास की ग्राम पंचायत डोंगरिया, गोवारी, छपला, मंडई और हर्राभाट के ग्रामीण भी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। शिविर में एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता, एसडीओपी श्री करणदीप सिंह, जनपद पंचायत बिरसा अध्यक्ष श्रीमती सविता धुर्वे, उपाध्यक्ष श्री हेमंत साहू, तहसीलदार बिरसा श्री राजूलाल नामदेव, जनपद पंचायत बिरसा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभारी श्री नार्गेद्र सिंह धुर्वे, थाना प्रभारी बिरसा रेवल सिंह बरडे एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण कराया।





शिविर में मुख्य मार्ग से आगर मोहल्ला जगला तक सुदूर सड़क की मांग की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नवीन आवास की मांग को लेकर ग्रामीण आए हुए थे। जिस पर ब्लॉक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना को निर्देशित किया गया कि वे शीघ्र प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। शिविर में ग्रामीणों द्वारा नल-जल योजना से जल दिलाने, पेंशन योजना का लाभ दिलाने, राशन कॉर्ड बनाने, राशन के लिए पात्रता पर्ची दिलाने, वन अधिकार पट्टा दिलाने, लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने, धान खरीदी पंजीयन की तिथि बढ़ाने, ग्राम जगला के जंगल में अवैध कटाई रोकने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए गए। इस पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए।

शिविर में ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। अतः उनके गांव में अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जाए। ग्राम खूंटाटोला में नवीन प्राथमिक शाला भवन की मांग की गई। इसी प्रकार जगला के कांटाबेहरा में नवीन आंगनवाड़ी भवन की मांग की गई। इस पर बिरसा के बीआरसी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को शासन के मापदंड के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। शिविर में 03 बालिकाओं को लाडली लक्ष्मी योजना के स्वीकृत पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही 03 बच्चों को पोषण कीट भी प्रदाय किये गए। इसी प्रकार कृषि विभाग की ओर से 02 किसान शंकरलाल टेंभरे एवं रामजी मेरावी को तिलहन योजना के अंतर्गत 05-05 किलो राई का बीज प्रदान किया गया। किसानों के फसलों में लगे हुए रोग के प्रकोप को देखते हुए राजस्व विभाग को सर्वे करने के लिए निर्देशित किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 90 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवाई दी गई। इसी प्रकार पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा 24 पशु पालकों को औषधि वितरण किया गया। इस विशेष शिविर में विभिन्न विभागों को कुल 85 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में उच्च अधिकारियों के साथ ही संबंधित पंचायत के सरपंच,पंच एवं समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति रही।